संख्या: 21/2018/535/छप्पन-2018-100/13

प्रेषक,

सूर्य पाल गंगवार,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन, उ0प्र0,
लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ: दिनांक: 17 मार्च, 2018

विषय: बरेली स्थित भारतीय वायुसेना के एयरपोर्ट पर सिविल ऐन्क्लेव के निर्माण हेतु भूमि क्रय किए जाने हेतु मा0 मंत्रिपरिषद द्वारा लिए गए निर्णय के सम्बन्ध में।

महोदय,

बरेली स्थित भारतीय वायुसेना के एयरपोर्ट पर सिविल ऐन्क्लेव के निर्माण हेतु भूमि क्रय किए जाने के सम्बन्ध में मा0 मंत्रिपरिषद की बैठक दिनांक मार्च, 2018 में निम्नलिखित निर्णय लिए गए हैं:-

(1) इस परियोजना के एम0ओ0यू0 के समय किए गए ऑकलन के उपरान्त भूमि क्रय की प्रक्रिया प्रारम्भ होने से अब तक धरातल पर वास्तव में विभाग के सम्मुख उत्पन्न कठिनाइयों और समस्याओं के समाधान तथा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर भूमि की आवश्यकता/ऑकलन में किए गए परिवर्तन के परिप्रेक्ष्य में एम0ओ0यू0 में क्रय हेतु ऑकलित 25 एकड़ (10.117 हैक्टेयर) भूमि के क्षेत्रफल में हुए परिवर्धन/परिवर्तन के परिप्रेक्ष्य में एम0ओ0यू0 में उल्लिखित 25 एकड़ भूमि के स्थान पर संशोधित/परिवर्धित ऑकलनानुसार (क्रय की जा चुकी एवं क्रय/हस्तान्तरण हेतु प्रस्तावित) कुल 43.144 एकड़ (17.460063 हैक्टेयर) भूमि का क्रय/हस्तान्तरण करने की अनुमति प्रदान की गई।

(2) भूमि के क्रय हेतु पूर्व में निर्गत कुल मूल्य रूपए 60,88,73,500/- (रूपए साठ करोड़ अट्ठासी लाख तिहत्तर हजार पॉच सौ मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के क्रम में इस परियोजना के लिए ऑकलित कुल 43.144 एकड़ भूमि में सम्मिलित 7.183 एकड़ भूमि जो क्रय हेतु अवशेष है, पर होने वाले व्यय लगभग रूपए 8,21,95,600/- (रूपए आठ करोड़ इक्कीस लाख पन्चानवे हजार छः सौ मात्र) को राजस्व अनुभाग-13 के शासनादेश संख्या-2/2015/215/एक-13-2015-20(48)/2011 दिनांक 19 मार्च, 2015 में विहित प्राविधानों के अनुसार क्रय करने की अनुमति प्रदान की गई।

(3) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण तथा भारतीय वायुसेना की बाउण्ड्री के मध्य स्थित सिंचाई विभाग की 2.047 एकड़ भूमि को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को निःशुल्क हस्तान्तरित किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया।

(4) दिनांक 24 फरवरी, 2014 को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और राज्य सरकार के मध्य निष्पादित एम0ओ0यू0 में उल्लिखित भूमि के प्रस्ताव में वर्तमान में हुए परिवर्धन/परिवर्तन के अनुसार परिवर्धित/परिवर्तित भूमि की आवश्यकतानुसार भूमि क्रय हेतु एम0ओ0यू0 में यथा प्रक्रिया संशोधन किए जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

2- इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपर्युक्त बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु सुसंगत प्रस्ताव शासन को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
सूर्य पाल गंगवार
विशेष सचिव

<u>पृ0संख्या-21/2018/535(1)/छप्पन-2018 तद्दिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रमुख सचिव, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग को इस अनुरोध के साथ सन्दर्भित कि भविष्य में हवाई अड्डे की सुरक्षा के दृष्टिगत भारतीय वायुसेना के एयरबेस तथा सिविल ऐन्क्लेव के बाउण्ड्री के मध्य स्थित सिंचाई विभाग की कुल 2.047 एकड़ भूमि नागरिक उड्डयन विभाग को यथाप्रक्रिया हस्तान्तरित कराने का कष्ट करें।

2- प्रमुख सचिव, न्याय विभाग, उ0प्र0 शासन।

3- आयुक्त, बरेली मण्डल, बरेली।

4- जिलाधिकारी, बरेली ।

5- अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, नई दिल्ली।

6- वित्त (व्यय-नियन्त्रण) अनुभाग-7।

7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
डॉ0 सत्य प्रकाश तिवारी
अनु सचिव